कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–4/रजीगृ/जीव विज्ञान/स्थानान्तरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत इंदिरा, व्याख्याता, जीव विज्ञान का स्थानांतरण राउमावि, गांधीनगर, किशनगढ, अजमेर से राउमावि, मेहरूकलां, केकड़ी, अजमेर किया गया। इंदिरा ने अपने स्थानांतरण के विरूद्व माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 2898/2019 इन्दिरा बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की। माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर ने अपने निर्णय दिनांक 31.10.2019 में स्थगन आदेश खारिज कर अपीलार्थिया को प्रत्यर्थी विभाग में सक्षम अधिकारी के समक्ष रिक्त पद दर्शाते हुए एक अभ्यावेदन पेश करते हुए और अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधिनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर के निर्णय के क्रम में इन्दिरा द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के विधवा होने तथा सास ससुर के वृद्ध एवं छोटे बच्चे होने और स्थानान्तरण 120 किलोमीटर दूर हो जाने के आधार पर राउमावि थांवला, नागौर की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

अपीलार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी द्वारा धारित व्याख्याता का पद राज्य सेवा के राजपत्रित स्तर का पद है, और नियोक्ता द्वारा उन्हें छात्र हित/राज्य हित अथवा प्रशासनिक कारणों से राज्य में कहीं पर भी पदस्थापन/स्थानान्तरण किया जा सकता है तथा अपीलार्थी ने 04.11.2019 को स्थानान्तरित स्थान राउमावि, मेहरूकलां, केकड़ी, अजमेर में कार्यग्रहण कर लिया है।

उपर्युक्त परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए अपीलार्थी द्वारा की गई मांग नियमानुकूल नहीं होने के कारण इनका अभ्यावेदन एतद्द्वारा खारिज किया जाकर निस्तारित किया जाता है।

(नथमल डिडेल)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांक: शिविरा/माध्य/सी–4/रजीगृ/अभ्यावेदन/इन्दिरा/ को.के/19–20 दिनांक:– 29/11/19

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, अजमेर।
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्राधानाचार्य राउमावि, मेहरूकलां, केकड़ी, अजमेर ।
9. कार्मिक इन्दिरा, व्या० रसायन विज्ञान राउमावि, मेहरूकलां, केकड़ी, अजमेर।
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

C-1 Retirment 2016